मासिक

# आजाद बोल

RNI No. - MPHIN/2020/79860

वर्ष : 5 अंक : 6 इन्दौर, 15 मई 2025 पृष्ठ : 8 मूल्य : 1 रुपए



## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिले तीनों सेना प्रमुख

### CDS भी रहे मौजूद, ऑपरेशन सिंदूर के बारे में दी जानकारी

**नई दिल्ली।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान और तीनों सेनाओं के प्रमुखों ने बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और उन्हें ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी, जिसे भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में अंजाम दिया था। राष्ट्रपति ने दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में सेना के शीर्ष अधिकारियों के साथ अपनी मुलाकात की तस्वीर साझा की। राष्ट्रपति भवन ने तस्वीर के कैप्शन में लिखा कि चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और उन्हें ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी।

### 'घर में घुसके मारेंगे', पीएम मोदी ने आतंकवाद पर दोहराया अपना रुख, बोले-

# सिर्फ सैन्य कार्रवाई स्थगित की है, फिर दुस्साहस दिखाया तो मुंहतोड़ जवाब देंगे



आदमपुर एयर बेस पर एक संबोधन देते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को आतंकवाद पर अपने आतंकवादी खतरों को खत्म करने के लिए घर में घुसने के रुख की पुष्टि की और कहा कि हम आतंकवाद के गॉडफादर और राज्य प्रायोजकों के बीच अंतर नहीं करेंगे। पीएम मोदी ने कहा कि हम घरों में घुसेंगे और मारेंगे, उन्होंने कहा कि हम भागने का मौका नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि सिर्फ सैन्य कार्रवाई स्थगित की है, फिर दुस्साहस दिखाया तो मुंहतोड़ जवाब देंगे।

मोदी ने कहा कि आज से अनेक दशक बाद भी जब भारत के इस पराक्रम की चर्चा होगी, तो उसके सबसे प्रमुख अध्याय आप और आपके साथी होंगे। आप सभी वर्तमान के साथ ही देश की आने वाली पीढ़ियों के लिए भी नई प्रेरणा बन गए हैं। उन्होंने कहा कि आपके पराक्रम की वजह से आज ऑपरेशन सिन्दूर की गूंज हर कोने में सुनाई दे रही है। इस पूरे ऑपरेशन के दौरान हर भारतीय आपके साथ खड़ा रहा। हर भारतीय की प्रार्थना आप सभी के साथ रही। आज हर देशवासी अपने सैनिकों, उनके परिवारों के प्रति कृतज्ञ है, उनका ऋणी है।

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि आतंक के आकाओं को समझ आ गया है कि भारत की ओर नजर उठाने का एक ही अंजाम होगा- तबाही और महाविनाश। उनका कहना है, 'आपने उन पर सामने से हमला किया और उन्हें मार गिराया। आपने आतंकवाद के सभी बड़े अड्डों को नष्ट कर दिया। 9 आतंकी ठिकाने नष्ट कर दिए. 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए...।' उन्होंने कहा कि भारत बुद्ध की भी धरती है और गुरु गोबिंद सिंह जी की भी धरती है। गुरु गोबिंद सिंह जी ने कहा था - 'सवा लाख से एक लड़ाऊं, चिड़ियन ते मैं बाज तुड़ाऊं, तबै गुरु गोबिंद सिंह नाम कहाऊं'

मोदी ने कहा कि अधर्म के नाश और धर्म की स्थापना के लिए शस्त्र उठाना हमारी परंपरा है। इसीलिए जब हमारी बहन-बेटियों का सिंदूर छीना गया, तो हमने आतंकियों के फन को उनके घर में घुसकर कुचल दिया। उन्होंने कहा कि जिस पाकिस्तानी सेना के भरोसे ये आतंकी बैठे थे, भारत की सेना, वायुसेना और नौसेना ने उस पाकिस्तानी सेना को भी धूल चटा दी। आपने पाकिस्तानी फौज को भी बता दिया है कि पाकिस्तान में ऐसा कोई ठिकाना नहीं है, जहां बैठकर आतंकवादी चैन की सांस ले सकें।

### विजय शाह को सुप्रीम कोर्ट ने लगाई फटकार, पूछा-

# संवैधानिक पद पर बैठा व्यक्ति ऐसा बयान कैसे दे सकता

**भोपाल/जबलपुर।** मध्य प्रदेश के जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह द्वारा कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर दिए गए विवादित बयान पर उनके खिलाफ महू के मानपुर थाने में बुधवार देर रात एफआईआर दर्ज की गई थी। मंत्री द्वारा एफआईआर रद्द कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट में अर्जी लगाई गई थी, जिस पर उन्हें वहां से भी फटकार मिली। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। उल्लेखनीय है कि स्वतः संज्ञान लेते हुए हाई कोर्ट ने विजय शाह के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए थे। इस मामले में आज मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में सुनवाई होना है। आज हाईकोर्ट के पटल पर उस वीडियो का लिंक भी रखे जाएंगे, जिसमें मंत्री ने कर्नल सोफिया को लेकर टिप्पणी की थी।





**कांग्रेस कर रही मंत्री को पद से हटाने की मांग-** इधर कांग्रेस मंत्री विजय शाह को पद से हटाने की मांग कर रही है। प्रदेश के इंदौर, भोपाल और जबलपुर सहित कई शहरों में मंत्री शाह के खिलाफ प्रदर्शन भी किया गया था।

**इन धाराओं में दर्ज हुआ केस, उम्र कैद या 7 साल तक की सजा का प्रविधान-**बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) की धारा 152 : अलगाव, सशस्त्र विद्रोह और विध्वंसक गतिविधियों को भड़काने वाले कृत्यों को अपराध मानती है। यह देश की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरे में डालने वाले कार्यों को भी अपराध मानती है। इसमें उम्रकैद या सात साल तक के कारावास के दंड का प्रविधान है।

**हाईकोर्ट ने कहा-'गटर जैसी भाषा', दर्ज हुआ मामला-**14 मई 2025 को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने इस मामले को बेहद गंभीर मानते हुए विजय शाह के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया था। अदालत ने उनकी टिप्पणी को 'गटर की भाषा' कहा और इसे महिलाओं के सम्मान और सेना की गरिमा के विरुद्ध करार दिया। कोर्ट के मुताबिक, एक कैबिनेट मंत्री की ओर से इस तरह की टिप्पणी न केवल कर्नल सोफिया के आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाती है, बल्कि इससे भारतीय सेना की प्रतिष्ठा पर भी सवाल खड़े होते हैं। आदेश के तहत आईपीसी की गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज हुई, जिसमें सात साल तक की सजा का प्रावधान है।

**अगली सुनवाई के लिए 16 मई की तारीख तय -** 15 मई को सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि मंत्री की भाषा अस्वीकार्य है और उन्होंने अपने पद की गरिमा को ठेस पहुंचाई है। कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 16 मई की तारीख तय की है और कहा है कि मामले में कानून के तहत उचित निर्णय लिया जाएगा।

### युद्धविराम को लेकर ट्रंप के दावे पर बोले खड़गे

# गोपनीय मामला, सर्वदलीय बैठक में चर्चा होगी...



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत और पाकिस्तान के बीच शांति समझौते का श्रेय लेने पर टिप्पणी करने से इनकार करते हुए कहा कि यह मामला गोपनीय है और इस पर सर्वदलीय बैठक में चर्चा की जाएगी। खड़गे ने संवाददाताओं से कहा कि यह गोपनीय मामला है। हम सर्वदलीय बैठक में हर बात पर चर्चा करेंगे। इस बारे में यहां बात करना उचित नहीं है। भाकपा नेता डी राजा ने कहा कि प्रधानमंत्री को विपक्ष द्वारा उठाए गए सवालों का जवाब देना चाहिए और इसके लिए संसद का विशेष सत्र बुलाना जरूरी है।

डी राजा ने कहा कि एक राष्ट्र के रूप में भारत आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एकजुट है। लेकिन पीएम को कुछ प्रासंगिक सवालों के जवाब देने चाहिए थे। पहलगाम आतंकी हमला कैसे हुआ? हमारी ओर से क्या चूक हुई? भारत और पाकिस्तान के बीच समझ कैसे बनी और अमेरिका की क्या भूमिका थी? सच्चाई क्या है? आगे क्या होगा, कोई नहीं जानता। हमारी पार्टी संसद के विशेष सत्र की मांग कर रही है, पीएम को सरकार की स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।''

भारत और पाकिस्तान के बीच शत्रुता समाप्त करने की समझ की ओर बढ़ने के बीच, द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) नेता टीकेएस एलंगोवन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की मध्यस्थता के कथित प्रयासों का स्वागत करते हुए इसे एक 'अच्छा कदम' कहा। हालांकि, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत सरकार को ट्रम्प के साथ हुई चर्चाओं की प्रकृति को स्पष्ट करना चाहिए, उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार रात अपने संबोधन में इसका उल्लेख नहीं किया।

एलनगोवन ने सोमवार को एएनआई से कहा, 'अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का दावा है कि उन्होंने युद्ध रोकने के लिए दोनों सरकारों से चर्चा की थी और प्रधानमंत्री ने इस बारे में कुछ नहीं कहा। ट्रंप ने यह बयान क्यों दिया? क्या उन्होंने भारत सरकार से बात की? अगर उन्होंने चर्चा की है, तो उन्हें कहना चाहिए। युद्ध रोकना ट्रंप का एक अच्छा कदम है।'



# इंदौर के छत्रीपुरा थाना क्षेत्र में बाल मित्र केंद्र के समर कैंप का जोशपूर्ण समापन

## पुलिस की पाठशाला में बच्चों ने सीखे जीवन मूल्य

**इंदौर।** थाना छत्रीपुरा स्थित संजीवनी बाल मित्र केंद्र में आयोजित 10 दिवसीय समर कैंप का समापन 12 मई को उत्साह और उमंग के साथ हुआ। 2 मई से प्रारंभ हुए इस शिविर का उद्देश्य बच्चों को अपराधों से दूर रखकर उन्हें नैतिकता, देशभक्ति और रचनात्मकता की ओर प्रेरित करना रहा।



**रोजाना मिली नई सीख, बदला सोच का नजरिया-**हर दिन योग-ध्यान, कला-शिल्प, संगीत, नृत्य, खेलकूद, पर्यावरण जागरूकता, मोटिवेशन और करियर काउंसलिंग जैसी गतिविधियों से बच्चों को नई दिशा देने का प्रयास किया गया। इन सत्रों का संचालन शहर की नामी संस्थाओं और विशेषज्ञों ने किया।

**बच्चों को मिले तोहफे, विशेषज्ञों को मिला सम्मान-**समापन अवसर पर उत्कृष्ट बच्चों को प्रमाण पत्र, टिफिन, बैग, कंपास बॉक्स, शिक्षण सामग्री और मिठाइयां भेंट की गईं। अतिथि शिक्षाविद् अचल चौधरी और वरिष्ठ अधिवक्ता अमर सिंह राठौर ने पुलिस की इस पहल को ऐतिहासिक बताते हुए प्रधान आरक्षक संजय राठौर के प्रयासों की सराहना की।

**पुलिस की पहल को समाज का समर्थन-**समारोह में सहायक पुलिस आयुक्त हेमंत चौहान, टीआई केपी सिंह यादव और शहर के कई सम्मानित नागरिकों की उपस्थिति रही। सभी ने पुलिस द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे कार्यों की मुक्तकंठ प्रशंसा की।

# इंदौर-मनमाड़ रेल लाइन पर बनेंगे 18 नए स्टेशन

### मुंबई की दूरी घटकर 568 किमी होगी, आदिवासी क्षेत्रों को मिलेगा बड़ा लाभ

**इंदौर।** इंदौर से मुंबई के बीच सफर अब और भी आसान होने वाला है। इंदौर-मनमाड़ रेल परियोजना के अंतर्गत इंदौर की ओर से डेढ़ दर्जन यानी 18 नए रेलवे स्टेशन बनाए जाएंगे। रेलवे अधिकारियों ने हाल ही में इस परियोजना का निरीक्षण कर संभावित स्टेशनों के लिए स्थानों का चयन किया।

यह रेल लाइन इंदौर से चलकर महू, धार, खरगोन और बड़वानी जैसे आदिवासी बहुल जिलों से होते हुए महाराष्ट्र की सीमा में प्रवेश करेगी। इससे न केवल क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी बल्कि करीब 30 लाख से अधिक लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।

**मुंबई की दूरी में 262 किमी की कटौती-** इस नई लाइन के बन जाने से इंदौर से मुंबई की दूरी 830 किमी से घटकर 568 किमी रह जाएगी, जिससे यात्रा समय और खर्च दोनों में कमी आएगी। इस रूट पर 16 जोड़ी पैसेंजर ट्रेनें चलाई जाएंगी जिससे रेलवे को करोड़ों रुपये का राजस्व मिलने की उम्मीद है।




**ये होंगे इंदौर क्षेत्र के प्रस्तावित स्टेशन-** महू के अलावा कैलोद, कमदपुर, झाड़ीबड़ोदा, सरायतालाब, नीमगढ़, चिक्तया, ग्यासपुरखेड़ी, पोठड़ा, जरवाह, अजदीप, अधाड़ी, उसमारी, जिलवानिया, सलीकला, बनीहार्ट, बवादड़ और मालवा जैसे नए स्टेशन प्रस्तावित हैं। इसके बाद लाइन महाराष्ट्र के धुले और मालेगांव होते हुए मनमाड़ तक पहुंचेगी।

रेलवे का यह महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट मध्य प्रदेश के पिछड़े क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ेगा।

# जोधपुर, चंडीगढ़ और जम्मू की उड़ानें इंदौर से 15 मई से उड़ेंगी

## उड़ानों की बहाली के पहले स्लॉट में इंदौर से बंद उड़ानों को शुरू नहीं किया

**इंदौर।** पाकिस्तानी सीमा से लगे राज्यों के एयरपोर्ट भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर लागू होने के बाद फिर शुरू करने का फैसला किया गया है। यात्री विमानों का संचालन फिर से शुरू कर दिया गया है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने 32 एयरपोर्ट को दोबारा चालू करने की एडवाइजरी जारी की है। लेकिन, इंदौर से बंद की गई जोधपुर, चंडीगढ़ और जम्मू की उड़ाने 15 मई से ही शुरू हो पाएगी।

इंडिगो कंपनी द्वारा उड़ानों की बहाली के पहले स्लॉट में इंदौर से बंद उड़ानों को शुरू नहीं किया है। संभवतः विमान कंपनियों द्वारा उड़ानों को धीरे-धीरे दोबारा शुरू करने के प्रयास किए जा रहे है। भारत-पाकिस्तान के बीच सैन्य तनाव के चलते देश के उत्तर और पश्चिमी हिस्से के 32 एयरपोर्ट को 9 से 15 मई तक बंद कर दिया गया था। इससे इंदौर से संचालित जोधपुर, चंडीगढ़ और जम्मू की उड़ान को बंद कर दिया गया था।




अब सीजफायर लागू होने के बाद इन सभी एयरपोर्ट को दोबारा शुरू कर दिया गया। इसके बावजूद इंदौर से संचालित होने वाली तीनों उड़ानें मंगलवार से शुरू नहीं होगी। यात्रियों को इन शहरों की हवाई यात्रा के लिए 15 मई तक इंतजार करना होगा। पाकिस्तान के सीमावर्ती राज्यों के एयरपोर्ट से यात्री विमानों का संचालन पहले 10 मई तक बंद किया गया था। बाद में इसको बढ़ाकर 15 मई कर दिया गया। इसके कारण इंदौर से संचालित तीन शहरों की उड़ानें कल से शुरू नहीं होगी।



# साइबर पाठशाला में हॉटवेक्स कंपनी के प्रोफेशनल्स हुए जागरूक

**इंदौर।** साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा हॉटवेक्स में 695वीं साइबर जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (क्राइम) राजेश दंडोतिया ने लगभग 100 आईटी प्रोफेशनल्स को साइबर फ्राड, फाइनेंशियल धोखाधड़ी और सोशल मीडिया अपराधों से बचाव के उपाय बताए। उन्होंने सतर्कता और जागरूकता को मुख्य हथियार बताया। कार्यशाला में साइबर हेल्पलाइन 1930, और इंदौर पुलिस हेल्पलाइन 7049124445 के उपयोग की जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने सुरक्षा पंपलेट्स और स्टिकर्स वितरित कर संस्था को अभियान से जुडने के लिए प्रेरित किया।

### भूकंप, अति वर्षा, महामारी, भूचाल से मुक्ति के लिए माता पूजन

**इंदौर।** अभा. बलाई समाज के तत्वाधान में गांव गैर माता पूजन का कार्यक्रम 11 मई को सुबह 6 बजे से जूनी इंदौर में किया गया। आयोजक धर्मराज प्रधान ने बताया कि माता पूजन 12 वर्षों में एक बार मनाया जाता है, जिसमें बलाई समाज के अलावा अन्य समाजजन बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। माता पूजन को पर्व के रूप में मनाया जाता है। माता पूजन का मुख्य उद्देश्य भूकंप, अति वर्षा, महामारी, भूचाल से नगरवासियों को मुक्ति मिल सके, इसलिए समाज की महिलाएं नंगे पैर सिगड़ी सिर पर रखकर मन्नत मांगती हैं।

# अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर भाजपा का 'सुशासन और विरासत' अभियान

### 21 से 31 मई तक महिला सशक्तिकरण, संस्कृति और सामाजिक सुधारों पर होगा जोर

**इंदौर।** मराठा शासिका रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी 21 से 31 मई तक सुशासन और विरासत अभियान चलाएगी।

इस अभियान के माध्यम से भाजपा रानी अहिल्याबाई की सामाजिक सुधारों, सांस्कृतिक पुनर्जागरण और सुशासन की परंपरा को आमजन तक पहुंचाएगी।



पार्टी इस दौरान महिला सशक्तिकरण, पारंपरिक कुटीर उद्योगों को बढ़ावा और पिछड़े वर्गों के कल्याण जैसे विषयों को प्रमुखता से उठाएगी। भोपाल सहित सभी जिलों में कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित होगी, जिसमें नेता, जनप्रतिनिधि और संगठन के कार्यकर्ता भाग लेंगे।

**युवाओं और महिलाओं पर विशेष फोकस-**कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में भाषण, निबंध और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं होंगी। नगर निकायों और महिला संगठनों की भागीदारी से महिला वॉकथॉन, संवाद सत्र, सेमिनार और शोभायात्राएं निकाली जाएंगी। महिलाओं को आयोजन का नेतृत्व देने का अवसर मिलेगा।

राज्य और जिला स्तर पर समितियां गठित होंगी। प्रदेश संयोजक वरिष्ठ पदाधिकारी होंगे और महिला मोर्चा की अध्यक्ष सह-संयोजक होंगी। 14 मई को भोपाल में कार्यशाला आयोजित होगी जिसमें अभियान की रूपरेखा तय की जाएगी।

# शादी समारोह में चोर बन रहे मेहमान : नजर हटते ही नगदी, जेवर पर कर रहे हाथ साफ

**इंदौर।** इन दिनों वैवाहिक सीजन की धूम मची हुई है। मैरिज गार्डनों में रोजाना समारोह हो रहे हैं। अब तक बदमाश मैरिज गार्डन में प्रवेश कर ज्वेलरी और नकदी चुरा लेते थे, लेकिन इस बार बदमाशों ने वारदात को नए तरीके से अंजाम दिया। वे शादी वाले घर में बतौर मेहमान बनकर पहुंचे। कुछ देर रुकने के बाद वहां से जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया।

आश्चर्य की बात रही कि मेहमान बनकर आए बदमाशों को परिजन और अन्य लोग पहचान भी नहीं सके।



लसूडिया पुलिस को फरियादी अर्चना पति डॉक्टर विजय पवार निवासी स्कीम नंबर 114 ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 30 अप्रैल को उसके घर में शादी का कार्यक्रम था तभी दो अज्ञात युवक समारोह में मेहमान बनकर घुस आए और सोने का हार, एक जोड़ झुमकी एवं अन्य जेवर चुराकर ले गए। मामले में पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर लिया है। वहीं घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक किए हैं, इसमें कुछ संदिग्ध नजर आए हैं, जिनकी तलाश में टीम गठित की है।

**मंदसौर से लौटा तो पता चला-** इसी प्रकार फरियादी योगेश पिता रामकिशन साहू निवासी आलोक नगर के यहां चोरी की घटना हुई। कनाडिया पुलिस को योगेश ने बताया कि कुछ दिन पहले वह परिवार सहित रिश्तेदार के यहां शादी में मंदसौर गया था। रविवार रात घर लौटा तो मेनगेट का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो अलमारी का सामान अस्त व्यस्त पड़ा था। चोर उनके घर से दो लाख से अधिक के जेवर चुराकर ले गए। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।



## पुलिसकर्मियों के उत्कृष्ट कार्य को मिल रहा प्रोत्साहन

**इंदौर।** शहर के ट्रेफिक को नंबर वन के पायदान पर ले जाने यातायात जवान दिनरात बेहतर काम कर रहे हैं। उनके प्रयासों से कुछ हद तक ट्रेफिक में सुधार भी आया। आगामी दिनों में प्रयासों को ओर बेहतर किया जाए, इसी ध्येय से पांच पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र और नकद राशि देकर सम्मानित किया गया। पुलिस कमिश्नरेट में आम नागरिकों के लिए बेहतर पुलिसिंग को ध्यान में रखते हुए अच्छे कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के उत्साहवर्धन हेतु साप्ताहिक कार्यक्रम शुरू किया गया है। इसके तहत ऐसे अधिकारी-कर्मचारियों को पुरस्कृत किया जा रहा है, जिन्होंने पुलिसिंग के अपने कर्तव्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया हो। कार्यक्रम अंतर्गत पलासिया स्थित कंट्रोल रुम पर सहायक उपनिरीक्षक साहेब सिंह जाट, महिला आरक्षक संध्या पोरवाल, आरक्षक टोनिका मौर्य, ममता और अरुणा ढाकरे को सम्मानित किया। आरक्षक अरुणा ने पिछले दिनों सड़क पर घायल पड़े युवक की मदद की थी। शेष पुलिसकर्मियों ने शहर में विभिन्न चौराहों पर बेहतर यातायात प्रबंधन और व्यवस्था में सराहनीय कार्य किया गया है।

## अज्ञात व्यक्ति द्वारा वीडियो बनाने को लेकर महिला और उसके पति से मारपीट

**इंदौर। कार में जा रही महिला का अज्ञात युवक वीडियो बना रहा था। महिला ने इसका विरोध किया तो युवक ने उसके साथ हाथापाई की। बाद में युवक के बेटे ने कार में बैठे महिला की सहेली और पति से मारपीट की। विजयनगर पुलिस के मुताबिक घटना होटल पाइंट्री पॉइंट के सामने शीतल नगर में रविवार रात 10 बजे हुई। मामले में फरियादी शालिनी तिवारी निवासी मांगलिया की रिपोर्ट पर जय सेंगर और उसके बेटे के खिलाफ केस दर्ज किया गया हैं।**

फरियादी ने बताया गया कि मैंने अपनी कार को होटल के सामने खडी की थी। जहां मैं अपनी दोस्त गगनदीप कौर, उनकी बहन अमनदीप कौर और उनके पति चेतन जागेटिया को उनके घर से लेकर आई थी। जैसे ही हम लोग कार में बैठने लगे तो एक युवक हमारा वीडियो बनाने लगे। इस पर मैंने युवक से कहा कि तुम वीडियो क्यों बना रहे हो। इसी बात को लेकर वह गालियां देने लगे।

जब मैंने गालियां देने से मना किया तो मेरे साथ मारपीट की। कुछ देर बाद युवक का बेटा भी मौका पर पहुंच गया, उसने अमनदीप कौर और उनके पति चेतन से मारपीट की।

इधर, क्षिप्रा इलाके में किराया न देने को लेकर हुए विवाद में युवक और दो युवतियों के साथ मारपीट की गई। फरियादी राहुल पिता रामकिशन साहू निवासी हाट मैदान मांगलिया की शिकायत पर गुड्डू राठौर, उसकी पत्नी और बेटे राहुल के खिलाफ केस दर्ज किया हैं। आरोपियों ने फरियादी और उसकी महिला मित्र नीतू और शिवानी को मकान का किराया देने की बात पर मारपीट की। दोनों मामलों में पुलिस ने आरोपियों पर केस दर्ज जांच शुरू कर दी है।

## लालच : फिर झांसे में फंसा व्यापारी, खाई 83 लाख की चपत

**इंदौर।** क्राइम ब्रांच और थाने की पुलिस लगातार कई तरीके से लोगों को आनलाइन ठगी से बचने जागरूकता अभियान चला रही है। इसके बावजूद लोग ठगों की बातों में आकर लालच में रुपए गंवा बैठते हैं। ऐसा ही एक मामला क्राइम ब्रांच थाने में दर्ज हुआ। बीमारी से परेशान फरियादी रोहन की शिकायत पर मोहित पिता जगदीश महाजन निवासी कनाडिया और निसार पिता लतुफ अली निवासी खजराना पर क्राइम ब्रांच ने धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है।



पीड़ित के मुताबिक उन्होंने अपनी एक प्रॉपर्टी बेची थी। इससे मिले पूरे रुपए आरोपियों के कहने पर इन्वेस्ट कर दिए। आरोपियों ने ना प्रॉफिट दिया और न ही रुपए वापस किए। रोहन के मुताबिक आरोपियों ने म्यूजिक इवेंट, टाइल्स और अन्य उत्पाद बेचकर 5 प्रतिशत का प्रॉफिट देने के नाम पर रुपए इन्वेस्ट कराए थे।

फरियादी ने बीमारी के चलते नौकरी छोड़ दी थी। इसके बाद परिवार और इलाज के खर्च के लिए उन्होंने बेशकीमती प्रॉपर्टी बेच दी। इस रुपए को वे रेगुलर इन्कम के लिए इन्वेस्ट करना चाहते थे। उन्होंने अपने परिचित प्रांजल को यह बात बताई। उसने मोहित महाजन से मुलाकात कराई और कहा कि वह म्यूजिक इवेंट और अन्य बिजनेस में इन्वेस्ट करता है। इसके बदले एक निश्चित लाभ उसे मिलता है। इस दौरान गोदाम भी दिखाया और बताया कि यहां उत्पाद खरीदकर रखे जाते हैं, जिसे बाजार की मांग के हिसाब से मार्केट में निकाला जाता है।

परिचित की बातों पर उसने विश्वास कर 15 लाख रुपए का निवेश किया। बाद में करीब 85 लाख रुपए बैंक और अन्य माध्यम से आरोपियों को दे दिए। जब उसे किसी प्रकार का प्राफिट नहीं हुआ तो उसने आरोपियों से रुपए मांगे। कई बार दोनों को मोबाइल पर कॉल किया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। यही नहीं, मोहित और निसार ने उससे बात करना बंद कर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। रोहन उनसे लगातार संपर्क कर रुपए की डिमांड करते रहे। लेकिन वह कुछ भी देने से इनकार करते रहे। रोहन ने बताया कि उन्होंने मार्च 2024 से दो से तीन माह कुछ प्रॉफिट दिया। लेकिन इसके बाद उन्होंने कुछ नहीं दिया। इसे लेकर वह काफी परेशान रहे। बाद में क्राइम ब्रांच में शिकायत की, जिस पर जांच कर प्रकरण दर्ज किया गया।

## जेल के अंदर कैदियों में मारपीट

**इंदौर।** नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के पीए से मारपीट करने वाले आरोपी को जिला जेल में कैदियों ने जमकर पीटा। आरोपी कैब कार का चालक ने मंत्री के पीए के साथ एक पखवाड़ा पहले मारपीट की थी। इस हमले में घायल पीए हरीश को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पलासिया पुलिस ने आरोपी शैलेन्द्र को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया था। यहां से उसे जेल भेजा गया था। जिला जेल में रविवार को उस पर अन्य कैदियों ने हमला कर दिया। उपजेल अधीक्षक आलोक वाजपेयी के अनुसार- जेल में पिछले दिनों विचाराधीन बंदी शैलेन्द्र पर रविवार को हेमन्त उर्फ भोला पिता विष्णु नाम के एक आरोपी ने हमला कर दिया। इस दौरान हेमंत के साथ राजा भी था। वहां सुरक्षा में मौजूद अन्य बंदियों ने शैलेन्द्र को बचा लिया। बाद में पूछताछ में हेमंत ने बताया कि उसने राजा के कहने पर पूरे घटनाक्रम को अंजाम दिया था। शैलेन्द्र को ज्यादा चोट नहीं आई है।





**एनडीपीएस और लूट के मामले में बंद है हमलावर-**उपजेल अधीक्षक के मुताबिक राजा मूसाखेड़ी का रहने वाला है। जो एनडीपीएस के एक मामले में विचाराधीन कैदी है। वहीं, दूसरी तरफ हेमंत छोटी ग्वालटोली का रहने वाला है। जो कुछ दिन पहले लूट के मामले में आया है। दोनों कैदियों को अलग बैरक में रखा गया है। मारपीट करने वाले आरोपी हेमंत और राजा पर आजाद नगर पुलिस ने केस दर्ज किया है। बता दें, जेल में पूर्व में भी मारपीट की घटनाएं हो चुकी हैं। जेल प्रशासन की निष्क्रयता से कैदी बेलगाम हो चुकी है। कुछ साल पहले सेन्ट्रल जेल में कैदी ने गोली मारकर बदमाश की हत्या कर दी थी।

## नाबालिग ने जहर खाकर दी जान

**इंदौर।** बच्चे कई बार माता-पिता की डांट से इतने नाराज हो जाते हैं कि आत्महत्या जैसे कदम उठाने से भी पीछे नहीं हटते। ऐसा ही एक मामला एरोड्रम थाना क्षेत्र में आया। दोस्तों के साथ बैठे नाबालिग बेटे को जब मां ने घर बुलाया तो वह नाराज हो गया और कुछ देर बाद अपने कमरे में जाकर आत्महत्या कर ली। घटना स्कीम नंबर 51 की है। नाबालिग बच्चे ने हाल ही में 10 वीं की परीक्षा पास की थी। सोमवार को वह अपने दोस्तों के साथ बैठा था। फिलहाल उसकी आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। इसी प्रकार, बाणगंगा पुलिस ने भागीरथपुरा स्थित शराब दुकान के सामने से युवक की लाश बरामद की है, जिसकी पहचान कैलाश पिता दौलत कुमार निवासी भागीरथपुरा के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक उसके शरीर पर किसी भी प्रकार के चोट के निशान नहीं मिले हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत की वजह स्पष्ट होगी।

# जब सड़क पर बरसने लगे तरबूज,किसानों ने सरेआम उतारे कपड़े

**इंदौर।** इंदौर में किसान ने नगर निगम के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए तरबूज सड़क पर फेंक दिए. किसानों का आरोप है कि नगर निगम सड़कों पर दुकान लगाने वाले दुकानदारों के साथ अतिक्रमण के नाम पर अभद्रता और छीना झपटी कर रहा है. नगर निगम द्वारा एक किसान के साथ फिर ज्यादती करने का मामला सामने आया है. इस बात से दुखी किसान ने अपने ट्रैक्टर ट्राली में भरे हुए तरबूजों की सड़क पर बरसात कर दी. विरोध स्वरूप किसान ने इस दौरान अपने कपड़े भी उतार फेंके, जिससे सड़क पर जाम की स्थिति बन गई.

**किसान ने सड़क पर की तरबूज की बारिश-**आरोप है कि, आम तौर पर सड़कों से अतिक्रमण हटाने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों की कोशिश रहती की दुकानदारों के साथ आपसी हितलाभ साधकर मामले को रफा दफा कर दिया जाए. लेकिन जो दुकानदार अधिकारियों और कर्मचारी की बात नहीं मानते उन्हें निगम कर्मियों की ज्यादती का शिकार होना पड़ता है. शहर के एरोड्रम क्षेत्र में छोटा बांगरदा के 60 फीट रोड पर ऐसे ही एक घटनाक्रम के चलते किसान ने सड़क पर तरबूजों की बरसात कर दी.



**अर्धनग्न होकर किसान का प्रदर्शन-** दरअसल, मौके पर नगर निगम की टीम और पुलिस ने रोड पर ट्रैक्टर खड़ा करके तरबूज बेचने का आरोप लगाते हुए तराजू जब्त कर लिया था. इस दौरान किसान के करीब 2 क्विंटल तरबूज भी सड़क पर फेंक दिए थे. इस बात से व्यथित किसान विक्रम सिसोदिया के भाई ने अर्धनग्न होकर सड़क पर ही तरबूज फेंकना शुरू कर दिए. इस दौरान वहां चौराहे पर भीड़ एकत्र होने से जाम लग गया. हालांकि यह देख नगर निगम की टीम चुपचाप मौके से रवाना हो गई.

**किसान ने लगाए नगर निगम कर्मचारियों पर आरोप-**किसान विक्रम सिसोदिया का कहना था, ''तरबूज बेचे नहीं जा रहे थे, लेकिन नगर निगम के कर्मचारियों ने तराजू छीन लिया और काफी सारे तरबूज सड़क पर फेंक दिए जो बहुत ही आपत्तिजनक है.'' उन्होंने कहा, "वे खुद भी भाजपा कार्यकर्ता हैं, लिहाजा इस मामले की शिकायत वह महापौर को करेंगे.'' इधर इस मामले में बिना पड़ताल के किसी भी अधिकारी ने प्रतिक्रिया देने से इनकार किया है.

**विधायक पहुंचे एरोड्रम थाने-**इस पूरे मामले में इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव का कहना है कि, "प्रारंभिक तौर पर जो बात सामने आई है उसकी जांच पड़ताल की जा रही है.''

लेकिन देपालपुर विधानसभा के भाजपा नेता के साथ जिस तरह से इंदौर नगर निगम के कर्मचारियों और पुलिस ने अभद्रता की उसके चलते क्षेत्रीय विधायक मनोज पटेल एरोड्रम थाने पर पहुंचे और नगर निगम के कर्मचारियों के साथ ही पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई करने की बात पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से कही है. जिस पर संबंधित अधिकारियों ने विधायक को आश्वासन दिया है की जांच के बाद अभद्रता करने वाले निगम के अधिकारी और पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई होगी.

क्षेत्रीय विधायक के थाने पहुंचने के मामले को लेकर एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया का कहना है कि, ''विधायक ने जिन पुलिसकर्मियों की शिकायत की है उनकी जांच पड़ताल की जा रही है और आने वाले दिनों में कार्रवाई की जाएगी.




## बना अधिकारियों की परेशानी का कारण, बार-बार भेजा डाटा नहीं पहुंच पा रहा भोपाल

**इंदौर।** राज्य शिक्षा विभाग द्वारा पोर्टल को सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से हाल ही में एजुकेशन पोर्टल-3 का अपग्रेडेशन किया गया है, लेकिन यह अपडेशन अधिकारियों के लिए मुसीबत का सबब बन गया है। अपग्रेड के बाद से यह पोर्टल सही ढंग से काम नहीं कर रहा। अधिकारियों ने कई बार भोपाल स्थित लोक शिक्षण संचालनालय को डाटा भेजा, लेकिन हर बार वहीं जवाब मिलता है- डाटा प्राप्त नहीं हुआ।सूत्रों की मानें तो हाल ही में फिर एक बार इंदौर से डाटा भेजा गया, पर भोपाल के अधिकारियों ने प्राप्ति से इनकार कर दिया। मामला अब लोक शिक्षण आयुक्त के संज्ञान में भी आ चुका है। अधिकारियों का कहना है कि एक ही जानकारी बार-बार भेजना मानसिक दबाव पैदा कर रहा है।फिलहाल स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश चल रहा है और नया शैक्षणिक सत्र 15 जून से शुरू होना है। इससे पहले 'स्कूल चलें हमऽ अभियान और प्रवेशोत्सव की तैयारियां होनी हैं, जिसमें पोर्टल की भूमिका अहम होगी। विभागीय योजनाएं, छात्र, शिक्षक और सभी संबंधित जानकारी पोर्टल पर अपलोड की जानी है।

पोर्टल का उद्देश्य केवल विभागीय कार्यों को डिजिटल करना नहीं है, बल्कि आम नागरिकों के लिए भी जानकारी को सुलभ बनाना है। हालांकि, तकनीकी दिक्कतों और डेटा ट्रांसफर में आ रही रुकावटों के चलते पोर्टल का पूरा लाभ मिलना फिलहाल मुश्किल दिख रहा है। अधिकारियों ने चेताया है कि यदि जल्दी समाधान नहीं हुआ,तो पोर्टल और विभागीय कार्य दोनों ही बाधित होंगे।

## मोदी सरकार से एमपी में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए दो हजार करोड़ रुपए मिलेंगे

**भोपाल।** एमपी सरकार को केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पीएम आवास के लिए इस साल 4300 करोड़ रुपए देगी। इससे शहरी और ग्रामीण इलाकों में गरीबों के लिए आवास बनाने का काम तेजी से हो सकेगा। इसके साथ ही एमपी में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए दो हजार करोड़ रुपए मिलेंगे।




केन बेतवा लिंक परियोजना के लिए 630 करोड़ और सड़कों के निर्माण के लिए 1150 करोड़ रुपए दिए जाएंगे। पीएम ई-बस सेवा और मेट्रो के लिए 186 करोड़ रुपए इस साल मोहन यादव सरकार को मिलेंगे।

केंद्र और राज्य सरकार के अंशदान से संचालित योजनाओं के साथ अलग-अलग विभागों को केंद्र सरकार द्वारा इस साल मोहन सरकार को 44255 करोड़ रुपए देने वाली है। चालू वित्त वर्ष में प्रदेश में केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा योजनाओं के संयुक्त क्रियान्वयन के लिए कुल 68519.05 करोड़ रुपए खर्च किए जाने का फैसला किया गया है।इसमें 44255.33 करोड़ रुपए केंद्र सरकार देगी जबकि 24263.71 करोड़ रुपए राज्य सरकार के अंश के रूप में शामिल होंगे। जो राशि एमपी को देने के लिए तय की गई है। उसमें स्वास्थ्य, आवास, पेयजल, सड़क के साथ अन्य सेवाओं से जुड़ी योजनाओं पर फोकस किया है। इस राशि से प्रदेश के तेज विकास ढांचे को मजबूती देने का काम किया जा सकेगा।


## पूर्णिमा सोलंकी ने 12वीं कॉमर्स में 91.2 प्रतिशत अंक हासिल किए

**इंदौर।** श्री अग्रसेन विद्यालय, स्नेह नगर, इंदौर की छात्रा पूर्णिमा सोलंकी ने 12वीं कॉमर्स में अद्वितीय सफलता प्राप्त की है। उन्होंने 500 में से 456 अंक प्राप्त कर 91.2त्न हासिल किए हैं। इस उपलब्धि पर विद्यालय के शिक्षक और साथी छात्र गर्व महसूस कर रहे हैं। पूर्णिमा के पिता रेवेन्यू इंस्पेक्टर तेज सिंह सोलंकी ने कहा कि यह सफलता उनकी मेहनत और संघर्ष का परिणाम है। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने भी पूर्णिमा को बधाई दी और भविष्य में और अधिक ऊंचाइयों को छूने की शुभकामनाएं दीं।



# निगम आयुक्त ने दिए आदेश राजबाड़ा क्षेत्र में केबल होगी अंडरग्राउंड

**इंदौर।** राजबाड़ा और उसके आसपास के बाजारों में बेतरतीब ढंग से झूल रहे केबल तारों का जाल जल्द खत्म होगा। उन्हें अंडरग्राउंड लाइन में डाला जाएगा। इससे जहां बाजार क्षेत्र में खूबसूरती आएगी, वहीं हादसे भी नहीं होंगे। इस संबंध में पिछले दिनों निगमायुक्त शिवम वर्मा ने आदेश जारी किए थे। पिछले दिनों निगमायुक्त ने सराफा बाजार, कपड़ा मार्केट समेत अन्य एसोसिएशनों के पदाधिकारियों के साथ एक बैठक भी की थी। बैठक के अगले ही दिन निगमायुक्त शिवम वर्मा निगम के अन्य अधिकारियों के साथ मार्केट पहुंचे थे। उन्होंने अलग-अलग बाजारों में एसोसिएशन के पदाधिकारियों और व्यापारियों के साथ दौरा किया था। इस दौरान वहां फैले तारों के जाल, बाधाओं, पार्किंग आदि को लेकर चर्चा कर जल्द समाधान निकालने का आश्वासन दिया था। उन्होंने कहा था कि क्लॉथ मार्केट हमेशा से एक क्रिटिकल पॉइंट रहा है। यहां पहले भी आग लगने की घटनाएं हो चुकी हैं। संकरे रास्ते, तारों का जाल और भीड़भाड़ के कारण यह इलाका संवेदनशील है। सड़कों पर मौजूद बाधाएं, जिनके कारण फायर ब्रिगेड की गाडियों को आने-जाने में परेशानी होती है, उन्हें जल्द हटाया जाएगा। दुकानों के बाहर किए गए अतिक्रमण को भी हटाया जाएगा।




निगमायुक्त के दौरे के अगले दिन से ही बाजारों में फैले तारों के जाल को हटाने का काम शुरू हो गया था। अलग-अलग कंपनियों के लगाई गई केबलों को भी व्यवस्थित कर दिया गया था। राजवाड़ा के आसपास तारों के जाल को पूरी तरह से हटा दिया गया है। इंदौर रिटेल गारमेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अक्षय जैन ने बताया कि निगमायुक्त के दौरे के बाद केबलों को हटाने का काम शुरू किया गया था, जो अब पहले से बहुत कम हो गया है। राजवाड़ा के आसपास लगभग पूरी तरह से केबलों को हटा दिया गया है।

**कुछ दिन पहले तारों में लगी थी आग-** इंदौर चांदी-सोना जवाहरात व्यापारी एसोसिएशन के सचिव बसंत सोनी ने बताया कि कुछ दिन पहले निगमायुक्त ने मार्केट का दौरा किया था। उस समय उन्हें तारों के जाल की समस्या से अवगत कराया गया था। उन्होंने तारों को हटाने का आश्वासन दिया था। तीन-चार दिन पहले ही बड़ा सराफा में एक खंभे पर लगे तारों में अचानक आग लग गई थी, जिसे फायर सिस्टम की मदद से बुझाया गया था।

CRIME

## मकान की छत से मिले 40 लाख रुपए,पुलिस कर रही जांच

**इंदौर।** विजय नगर थाना पुलिस ने मंगलवार रात मुखबिर की सूचना पर स्कीम नंबर 154 के एक मकान की छत से 40 लाख रुपए जब्त किए। इस मामले ने तब तूल पकड़ा जब दो दिन पहले पलासिया पुलिस ने 40 लाख रुपए के नकली नोट पकड़े थे। विजयनगर पुलिस ने इस बार असली नोटों की बरामदगी की है। मकान मालिक युवराज मंडलोई से पूछताछ की गई, लेकिन वह इस राशि के स्रोत के बारे में कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे पाया। उसने खुद को एक कंस्ट्रक्शन कारोबारी बताया, लेकिन पैसे के संबंध में कोई जानकारी नहीं दी। पुलिस ने आशंका जताई है कि ये धन हवाला या ऑनलाइन गेमिंग से जुड़ा हो सकता है। पुलिस ने आयकर विभाग को पूरे मामले की जानकारी दी है। अब जांच में आगे की कार्रवाई से स्थिति स्पष्ट होगी।



## मुहाड़ी फाल में डूबा युवक

**इंदौर।** खुडैल के मुहाड़ी फाल पर दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने गए युवक की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने शव निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जानकारी के अनुसार, गौरीनगर में रहने वाला पवन श्रीवास्तव अपने दोस्तों के साथ मुहाड़ी फाल पर पिकनिक मनाने गया था। यहां वह गहरे पानी में नहाने उतरा था। कुछ देर बाद वह अंदर की तरफ जाने लगा। उसने दोस्तों से मदद मांगी। लेकिन जब तक वह काफी गहराई में चले गया। बाद में दोस्तों ने ग्रामीणों को सूचना की। एसडीआरएफ की टीम के साथ रेस्क्यू किया, जिसमें सोमवार पवन का शव निकालकर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

# बर्तन व्यापारी से लूट करने वाले चढ़े पुलिस के हत्थे

**इंदौर।** पांच साल पहले जिस फरियादी के साथ आरोपी बर्तन लेने जाता था, उसी ने अपने साथियों के साथ मिलकर लूट की वारदात को अंजाम दिया। इसके पहले फरियादी के रुट की रैकी की। वारदात के बाद आरोपीयों ने कुछ पैसे खर्च कर दिए, लेकिन पुलिस की लगातार सर्चिंग और मुखबीर तंत्र सक्रिय होने से वे बच नहीं सके और पुलिस की गिरफ्त में आ गए। घटना एरोड्रम थाना क्षेत्र के रोकडिया हनुमान मंदिर के पास 3 मई को हुई थी।

फरियादी बाबूलाल पिता मोहनलाल गोयल निवासी द्वारकाधीश कालोनी ने पुलिस को बताया कि उसकी बर्तन बाजार में दुकान है। वह रोज की तरह घटना वाले दिन भी दुकान की सिल्लक लेकर अपनी एक्टिवा एमपी-09-एसटी-7668 से घर जा रहा था। रोकडिया हनुमान मंदिर के पास रात 8.15 बजे पहुंचा था। तभी पीछे से सफेद कलर की एक्टिवा पर तीन युवक आए और मेरी एक्टिवा के साइड में आकर रुक गए। मैं कुछ समझ पाता, इसके पहले ही बाइक से तीनों युवक उतरे। एक बदमाश ने कालर पकड़कर खींचा और मारपीट की। मारपीट से बाई आंख और दाहिनी कोहनी पर चोट लगी। इसी बीच, दूसरे बदमाश ने मुझे धक्का दिया तो मैं अपनी एक्टिवा सहित गिर गया। उसका साथी बदमाश मेरी एक्टिवा लेकर भाग निकला। दो बदमाश भी अपने एक्टिवा से भाग गए। मेरी एक्टिवा की डिक्की में करीब 8 लाख रुपए की सिल्लक थी। घटना के बाद मैंने तत्काल अपने परिजनों को जानकारी दी।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उपायुक्त के निर्देश पर आरोपी को पकडने टीम गठित की गई। टीम ने घटना स्थल और उसके आसपास लगे 150 से अधिक सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले। फुटेज में बाइक नंबर आ गया था। बाइक नंबर के आधार पर आरोपियों की तलाश की। मशक्कत के बाद पुलिस ने लूट की वारदात को अंजाम देने वाले पवन पिता दगडू दाभाडे निवासी रामकमल रेसीडेंसी गोम्मटगिरी, लाला पिता किशन सोनोने निवासी लड्डू सेठ की गली छत्रीबाग कालोनी तथा अखिलेश पिता मुन्नालाल उरिया निवासी मोडल विलेज कालोनी लालबाग को पकड़ा।

आरोपी अखिलेश ने पूछताछ में बताया कि उसकी फरियादी से पांच साल से पहचान है। लोडिंग वाहन से मैं दुकान का सामान लाता था। मुझे पता था कि फरियादी रोज एक ही रास्ते से खरीदी-बिक्री का पैसा लेकर जाता है। इस पर फरियादी को लूटने का षडयंत्र रचा। दो साथियों को वारदात के लिए तैयार किया, जैसे ही दोनों ने सहमति दी, वारदात कारित कर दी। वारदात के बाद पुलिस को शक नहीं हो सके, इसलिए थाना क्षेत्र में ही घूमते रहे। तीनों आरोपी ड्राइवरी करते हैं। आरोपी पवन कुछ दिन पहले ही जेल से हत्या के एक मामले में जमानत पर रिहा हुआ है। पुलिस आरोपियों से अन्य वारदातों को लेकर पूछताछ कर रही है।

# इन्वेस्टमेंट के नाम पर 83 लाख की ठगी दो शातिर ठग क्राइम ब्रांच के शिकंजे में

**इंदौर।** इन्वेस्टमेंट के नाम पर 83 लाख की बड़ी ठगी करने वाले दो आदतन अपराधियों को क्राइम ब्रांच इंदौर पुलिस ने गिरफ्तार कर सनसनीखेज खुलासा किया है। आरोपी मोहित महाजन (38) और निसार अली (39) ने खुद को म्यूजिक इवेंट्स आयोजक, टाइल्स-मार्बल और एफएमसीजी प्रोडक्ट्स के होलसेल कारोबारी बताकर फरियादी रोहन से 1 करोड़ से अधिक रुपए इन्वेस्टमेंट के रूप में लिए।



धोखाधड़ी की यह वारदात 25 अगस्त 2023 से 19 मार्च 2024 तक चली। आरोपी पहले निवेश पर थोड़ा लाभ दिखाकर भरोसे में लेते थे और फिर धीरे-धीरे लाखों की रकम हड़प लेते थे। फरियादी को केवल आंशिक राशि लौटाई गई जबकि करीब 83 लाख रुपए योजनाबद्ध तरीके से ठग लिए गए।

क्राइम ब्रांच ने शिकायत के बाद दोनों आरोपियों को धरदबोचा। तकनीकी विश्लेषण के जरिए इनकी लोकेशन ट्रेस कर गिरफ्तारी की गई। मोहित पूर्व में पलासिया थाने में दो धोखाधड़ी मामलों में आरोपी है, जबकि निसार अली ने भी अपने खिलाफ कई अपराध दर्ज होने की बात कबूली है।

पुलिस ने दोनों को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि इन दोनों ने कई अन्य लोगों से भी इसी तरह ठगी की है। पुलिस अब पूरे नेटवर्क और संभावित पीड़ितों की तलाश में जुटी है।

## कलेक्टर के निर्देश पर आरटीओ की सख्ती : बिना फिटनेस और परमिट वाले वाहन जब्त

**इंदौर।** यातायात व्यवस्था सुधारने कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर आरटीओ ने कार्रवाई की। चेकिंग अभियान के दौरान 2 बिना फिटनेस स्कूल वाहन और 1 बिना परमिट ट्रक जब्त किया गया। साथ ही 13 अन्य वाहनों पर नियम उल्लंघन के चलते 40 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। जांच के दौरान दस्तावेज, स्पीड गवर्नर, ओवरलोडिंग और परमिट शर्तों की जांच की गई। स्कूल व यात्री बसों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। वाहन मालिकों को एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाने और नियमों का पालन करने की अपील की गई है।



### ऐसे लोगों का सामाजिक बहिष्कार जरूरी

# दहेज के दानवों ने 10 लाख की मांग पूरी नहीं होने पर विवाहिता को घर से निकाला

**इंदौर।** महिला की शादी में उसके परिजनों ने पांच लाख का गोल्ड और कीमती सामान दिया। इसके बाद भी दहेजलोभियों ने 10 लाख रुपए की मांग की। मांग पूरी नहीं होने पर प्रताडित् कर घर से बेदखल कर दिया। पुलिस ने सिल्वर पैलेस अन्नपूर्णा रोड पर रहने वाली काजल खुशवानी की रिपोर्ट पर ससुराल पक्ष के खिलाफ केस दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी शादी एक साल पहले आकाश निवासी ग्वालियर से हिंदू रीति रिवाज से हुई। कुछ दिन तक ससुराल में सब ठीकठाक चलता रहा। बाद में ससुराल पक्ष वालों को लालच आ गया, जिसके चलते वे आएदिन मायके से दहेज लाने का दबाव बनाते रहे। आकाश, सास पूनम और ससुर ओमप्रकाश ने मायके से 10 लाख रुपए लाने के लिए प्रताडित् करना शुरू कर दिया।काजल के अनुसार-उसके साथ छोटी-छोटी बातों पर मारपीट करने लगे और मोबाइल पर माता-पिता से बात भी नहीं करने देते थे। काजल ने आरोप लगाया कि पति और सास-ससुर ने यह कहकर घर से निकाल दिया कि जब तक मायके से रुपए लेकर नहीं आएगी, तब तक तुम्हारे लिए इस घर के दरवाजे बंद हैं। महिला पुलिस ने सभी के खिलाफ केस दर्ज किया है। इसी प्रकार फरियादी कोमल निवासी शंकर बाग की रिपोर्ट पर पति जितेंद्र, सास लता बाई, ससुर अशोक और ननद प्रिया के खिलाफ दहेज प्रताडन की धाराओं में केस दर्ज किया है। कोमल के अनुसार- उसे मायके से 5 लाख रुपए लाने के लिए प्रताडित् कर रहे थे। दहेज प्रताडना का एक अन्य मामला बेटमा थाने में दर्ज हुआ। फरियादी पूनम चौहान निवासी भोजपुर कॉलोनी ने बताया कि उसे मायके से ट्रैक्टर लाने के लिए पति जगदीश, सास कमलाबाई और ससुर राधेश्याम प्रताडित् करते थे। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।





# धर्म विवाद पर एडीएम कार्यालय पहुंचे किन्नर कहा- हमारा कोई धर्म नहीं

**इंदौर।** नंदलालपुरा क्षेत्र में हाल ही में धर्म परिवर्तन को लेकर हुए विवाद के बाद बड़ी संख्या में किन्नर समुदाय के लोग एडीएम रोशन राय के कार्यालय पहुंचे। उन्होंने पूरे घटनाक्रम पर माफी मांगते हुए कहा कि उन्हें सपना गुरु द्वारा बरगलाया गया था।

किन्नरों ने अधिकारियों को बताया कि उनका कोई स्थायी धर्म नहीं होता और वे किसी विशेष धार्मिक पहचान से नहीं जुड़े होते। उन्होंने कहा कि जो विवाद हुआ, वह गलतफहमी और बहकावे में आकर हुआ।

इसके साथ ही किन्नरों ने आरोप लगाया कि समुदाय के कुछ लोग अनैतिक गतिविधियों में लिप्त हैं, जिससे एचआईवी जैसी गंभीर बीमारियां फैल रही हैं और पूरे समुदाय की छवि धूमिल हो रही है।

एडीएम रोशन राय ने किन्नरों को संयम बरतने और सामाजिक मर्यादा बनाए रखने की समझाइश दी। प्रशासन ने मामले की गंभीरता से जांच करने का आश्वासन दिया।

# संत कंवरराम जी ने लोगों को सच्चाई और नैतिकता के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि संतो का जीवन और आदर्श हमेशा अनुकरणीय होते हैं, जैसे सूर्य स्वयं जलकर हम सबको प्रकाश देता है ,वैसे ही संत भी स्वयं तप कर हम सबके जीवन को ज्ञान और आनंद से प्रकाशित करते हैं । संत कंवरराम जी भी ऐसे ही एक महान संत थे । मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को उज्जैन की सिंधी कॉलोनी अलखधाम नगर के सार्वजनिक उद्यान में संत कंवरराम जी की प्रतिमा का अनावरण समारोह में यह बात कही। उन्होंने समर्थ सेवा संस्थान के द्वारा आयोजित दिव्यांग जनों को नि:शुल्क हवाई यात्रा करवाने पर बने गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड के प्रमाण पत्र का वितरण भी किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज का दिन अत्यंत शुभ दिन है। आज वैशाख माह की पूर्णिमा है। आज बुध्द पूर्णिमा है। संत कंवरराम जी ने लोगों को सच्चाई और नैतिकता के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। वे सबको साथ में लेकर चलने में विश्वास रखते थे। इस उद्यान में संत कंवरराम जी की प्रतिमा स्थापना




से सबको उनका आर्शिवाद मिलता रहेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नगरपालिका निगम के अधिकारियों से कहा कि उद्यान का नियमित रुप से रख-रखाव किया जाए। उन्होंने अलखधाम नगर के उद्यान को आदर्श उद्यान बनाए जाने के लिए शासन की ओर से सहयोग राशी प्रदान करने की घोषणा भी की।गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दिव्यांग जनों को नि:शुल्क धार्मिक यात्रा के प्रमाण पत्र वितरण के पश्चात मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दिव्यांग जनों की सेवा ईश्वर की सेवा के समान है।

समर्थ सेवा संस्थान के द्वारा यह एक अत्यंत प्रशंसनीय कार्य किया गया है जो की सबके लिए अनुकरणीय भी है। उल्लेखनीय है की समर्थ सेवा संस्थान के द्वारा अब तक 47 दिव्यांग जनों को धार्मिक हवाई यात्रा नि:शुल्क करवाई गई है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने अपनी ओर से संस्था के पदाधिकारीयों को शुभकामनाऐं दी।कार्यक्रम में श्याम माहेश्वरी ने संस्थान के बारे में जानकारी प्रदान की। दौलत खेमचंदानी के द्वारा संत कंवरराम जी का जीवन परिचय दिया गया। उन्होंने बताया कि संत कंवर राम जी एक प्रसिद्ध भारतीय संत और कवि थे, जिन्होंने भक्ति साहित्य में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी कविताओं में जीवन के मूल्यों, प्रेम, और अध्यात्म की गहराई को व्यक्त किया गया है। संत कंवर राम जी का जन्म राजस्थान में हुआ था। उनकी कविताओं में सादगी, प्रेम, और अध्यात्म की भावना देखने को मिलती है। उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों और अंधविश्वासों के खिलाफ आवाज उठाई है।संत कंवर राम जी की कविताओं में जीवन के विभिन्न पहलुओं को दर्शाया गया है।



## सीएम डॉ. यादव ने बागेश्वर धाम सरकार पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री से की भेंट

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को जबलपुर में बागेश्वर धाम सरकार पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री से भेंट की। इस अवसर पर प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक सर्वअशोक रोहाणी, सुशील कुमार तिवारी इंदु, डॉ. अभिलाष पांडे, सन्तोष वरकड़े, पूर्व विधायक नीलेश अवस्थी, रत्नेश सोनकर एवं राजकुमार पटेल और डॉ. जितेन्द्र जामदार भी मौजूद थे।



# आंगनवाड़ी के 300 बच्चों को दिखाई गई एनिमेशन फिल्म मुफासा

**इंदौर।** इंदौर और महू के आंगनवाड़ी के 300 बच्चों ने हाल ही में सी-21 मॉल में एनिमेशन फिल्म मुफासा का आनंद लिया। यह आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी रामनिवास बुधौलिया और संयुक्त संचालक संध्या व्यास की देखरेख में पाथ फाउंडेशन द्वारा आयोजित किया गया। बच्चों को आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने केन्द्र से बस द्वारा मॉल तक पहुँचाया और फिर सुरक्षित घर वापस छोड़ा। बच्चों ने फिल्म देखने के साथ-साथ एक पिकनिक का अनुभव लिया, जो उनकी खुशियों में और इजाफा कर गया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग ने बच्चों को स्वल्पाहार भी कराया, जिससे उनका अनुभव और भी खास बन गया।

## इंदौर प्रशासन में बड़ा फेरबदल : रिंकेश वैश्य को मिली अपर कलेक्टर की जिम्मेदारी


### महू-कनाडिया सहित कई तहसीलों और शाखाओं का प्रभार सौंपा गया

**इंदौर।** इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह ने प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से एक अहम आदेश जारी किया है। इसके तहत 2008 बैच के राज्य प्रशासनिक सेवा (एसपीएस) के अधिकारी रिंकेश वैश्य को अस्थायी रूप से अपर कलेक्टर का प्रभार सौंपा गया है। यह कदम दो अपर कलेक्टरों के पद खाली होने के चलते उठाया गया है- एक अधिकारी का स्थानांतरण हो गया है और दूसरा ट्रेनिंग पर गया है।



रिंकेश वैश्य वर्तमान में नागरिक आपूर्ति निगम में क्षेत्रीय प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं। अब उन्हें इंदौर जिले की महू, कनाडिया और भिचौली हप्सी तहसीलों का प्रभार दिया गया है। इसके साथ ही उन्हें राजस्व स्थापना, परिवहन, राहत, न्यायिक, नजूल और खनन शाखाओं की भी जिम्मेदारी दी गई है।

इतना ही नहीं, उन्हें कॉलोनी सेल और खाद्य शाखा जैसे संवेदनशील विभागों का भी प्रभार सौंपा गया है, जो पहले अपर कलेक्टर गौरव बैनल देख रहे थे। गौरव बैनल के प्रशिक्षण पर जाने के बाद यह जिम्मेदारी अब वैश्य के पास आ गई है।



## सुमित्रा महाजन द्वारा सागर लखार का स्वागत किया

**इंदौर।** पूर्व लोकसभा स्पीकर ओर इंदौर में लगातार आठ बार की सांसद आदरणीय सुमित्रा महाजन ताई द्वारा सावरकर मंडल विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 5 के सागर लखार को मीडिया प्रभारी नियुक्त होने पर बधाइयां दी,श्रीराम जी का भगवा दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया।ओर मिठाईयां खिलाकर मुंह मीठा करवाया।साथ ही पार्टी के साथ अपने कर्म के प्रति सजग और निस्वार्थ कार्य करने की प्रेरणा दी।स्वागत होने पर वीर सावरकर मंडल अध्यक्ष नितेश जैन ने बधाइयां दी। इस उपलक्ष्य पर अंतराष्ट्रीय अवॉर्डी सुनील ठाकुर,संजू मीणा,प्रदीप नायक राहुल चौहान उपस्थित हुए।

## इन्दौर का चिड़ियाघर बने 'जीरो वेस्ट'

**इंदौर।** करीब 70 एकड़ में बसे चिड़ियाघर में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं। इसी क्रम में जल्द ही यहां वेस्ट मटेरियल के निष्पादन के लिए पीट का निर्माण किया जाएगा। पीट बनने के बाद यह पहला जू होगा, जिसे जीरो वेस्ट की श्रेणी में रखा जाएगा। निगम आयुक्त ने बताया कि योजना के अनुसार खाद्य अपशिष्ट, बागवानी अपशिष्ट और सूखा कचरा का निपटारा पीट में होगा। नाडेप पीट तकनीक का उपयोग करके ग्रीन वेस्ट से खाद बनाई जाएगी, जिसका उपयोग चिड़ियाघर की बागवानी में किया जाएगा। वहीं, सूखे कचरे को 7 अलग-अलग श्रेणियों में विभाजित कर पुनर्चक्रण के लिए भेजा जाएगा। इस पहल को गोदरेज प्रोडक्ट्स लिमिटेड द्वारा कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिट के तहत समर्थन दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, फीडबैक फाउंडेशन चिड़ियाघर में हैंड-होल्डिंग सपोर्ट प्रदान करेगा, जिसके तहत स्वच्छता कर्मियों को कचरा प्रसंस्करण और उपचार के लिए प्रशिक्षण और निगरानी प्रदान की जाएगी। यह इंदौर को स्वच्छता के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि दिलाएगा और अन्य चिड़ियाघरों के लिए भी एक उदाहरण प्रस्तुत करेगा। उन्होंने अधिकारियों को इस कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। यह कदम न केवल चिड़ियाघर को स्वच्छ और टिकाऊ बनाएगा, बल्कि यहां आने वालों को वेस्ट प्रोसेसिंग की प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से देखने का अवसर भी प्रदान करेगा, जिससे स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ेगी।






अंतराष्ट्रीय नर्स दिवस

## एमवाय अस्पताल में हर्षोल्लास से कार्यक्रम संपन्न

**इंदौर।** एमवाय अस्पताल के असेम्बली हाल में नर्सिंग ऑफिसर एसोसिएशन द्वारा अंतराष्ट्रीय नर्सेस दिवस मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. अरविंद घंघोरिया एवं अधीक्षक डॉ. अशोक यादव द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। डीन डॉ. घंघोरिया ने अपने संबोधन में नर्सिंग पेशे की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नर्सें मरीजों की देखभाल में डॉक्टरों के समान योगदान देती हैं। उन्होंने फ्लोरेंस नाइटिंगेल के योगदान का स्मरण करते हुए नर्सों को 'सेवा की सच्ची प्रतिमूर्तिऽ बताया।

अधीक्षक डॉ. यादव ने नर्सों को सेवा की शपथ दिलाई, वहीं उत्कृष्ट कार्य करने वाले करीब 100 नर्सिंग ऑफिसर्स को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर नर्सिंग एसोसिएशन ने मरीजों के लिए तीन व्हीलचेयर एवं अधिष्ठाता को राधा-कृष्ण की प्रतिमा भेंट की। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष रमेश जाट सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं एमवाय अस्पताल के समस्त नर्सिंग स्टाफ उपस्थित रहे।



## डोमिनेशन मार्च : दिया देशभक्ति और जनसेवा का संदेश

**इंदौर।** पुलिस कमिश्नरेट के जोन 2 में सोमवार को पुलिस बल ने एरिया डोमिनेशन मार्च निकालकर जनता को सुरक्षा और सतर्कता का भरोसा दिलाया। पुलिस उपायुक्त अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में यह मार्च समस्त एसीपी, थाना प्रभारियों व जवानों की सहभागिता से निकाला गया। दोपहिया वाहनों के साथ पुलिस बल ने समस्त थाना क्षेत्रों में भ्रमण किया। इस अभियान का उद्देश्य अपराधियों में भय और आमजन में विश्वास पैदा करना रहा। साथ ही देशभक्ति और जनसेवा का स्पष्ट संदेश भी दिया गया कि पुलिस हर परिस्थिति में सजग है और अपराध नियंत्रण के लिए तत्पर है। इस पहल से नागरिकों में सुरक्षा की भावना और पुलिस के प्रति विश्वास और मजबूत हुआ।

# इंदौर का पहला डबल ऑर्गन ट्रांसप्लांट, बेटे ने लिवर तो भतीजी ने किडनी देकर बचाई जिंदगी

**उज्जैन।** कहते हैं कि दुख में अगर कोई साथ देता है, तो वह परिवार ही है. जो कितनी भी विपरीत परिस्थिति में साथ खड़ी रहती है, कुछ ऐसा ही मामला उज्जैन के जगर परिवार से सामने आया है. विनोद जगर लिवर खराब होने से बीते 4 सालों से बीमार चल रहे थे, इतना ही नहीं लिवर के ट्रीटमेंट के दौरान उनकी एक किडनी भी खराब हो गई थी. लिवर और किडनी दोनों आर्गन खराब होने से विनोद जगर पर मानों दुखों का पहाड़ टूट गया, ऐसे में बेटे ने लिवर तो भतीजी ने किडनी देकर जान बचाई. इसके साथ ही यह मध्य प्रदेश का पहला डबल ऑर्गन ट्रांसप्लांट भी कहलाया.



**लिवर के साथ किडनी भी खराब-**दरअसल, 48 वर्षीय कॉन्ट्रेक्टर विनोद जगर बीते 4 सालों से लिवर खराब होने के कारण बीमार चल रहे थे. 4 साल चले ट्रीटमेंट के बाद उनकी एक किडनी ने भी साथ छोड़ दिया. विनोद जगर को जब डॉक्टर ने किडनी खराब होने की जानकारी दी, तो वो टूट गए. ऐसे में उन्होंने कई डॉक्टरों को दिखाया. इसके बाद इंदौर और अमहदाबाद के डॉ से सलाह लेने पर परिजनों को आखिर में अंग ट्रांसप्लान्ट का ही रास्ता नजर आया. ऐसे में विनोद जगर के 24 वर्षीय बेटे यश जगर व 32 वर्षीय विवाहित भतीजी सीमा यादव ने किडनी और लिवर देकर अपने पिता व चाचा विनोद जगर की जान बताई.

**2021 में बीमारी का चला पता-**जगर परिवार के दोनों बच्चों ने समाज में मिसाल पेश की. 6 मई को इंदौर के निजी अस्पताल में 16 घंटे चले इस ऑपरेशन में एक साथ दोनों ऑर्गन ट्रांसप्लान्ट किए गए. जिसे प्रदेश में पहला ऐसा ऑपरेशन माना जा रहा है, जिसमें पहली बार एक साथ दो ऑर्गन ट्रांसप्लान्ट किए गए हों. वहीं विनोद जगर के सबसे बड़े बेटे विनि जगर ने ईटीवी भारत से चर्चा में बताया कि 'पिता की बीमारी का पता साल 2021 में चला था. डॉ के अनुसार 4 साल ट्रीटमेंट चलता रहा, लेकिन साल 2024 में डॉ ने किडनी खराब होना भी बताया.

**बेटे ने लिवर तो भतीजी ने दी किडनी-**विनि जगर ने कहा कि डॉक्टर ने बताया कि पिता कभी भी कोमा में जा सकते हैं. उनकी बॉडी बेसिक मूवमेंट करना बंद कर सकती है. परिवार ने ऑर्गन के लिए कई प्रयास किये, लेकिन असफलता मिली. ऐसे में परिवार के दो बच्चे विनोद जगह के लिए देवदूत बन खड़े हुए. बेटे यश और भतीजी सीमा ने चाचा को नई जिंदगी दी. विनी जगर ने यह भी बताया की परिवार में दादी, मां और हम तीन भाई हैं. सबके ब्लड ग्रुप देखे गए, मां और मेरा मैच नहीं हुआ. दादी की उम्र ज्यादा है, छोटा भाई 19 वर्ष का है, बीच वाला 24 वर्ष और फिर में. बीच वाले भाई यश का ब्लड ग्रुप मैच हुआ 0+, फिर उसने पिता को लिवर दिया.

**16 घंटे चले ऑपरेशन में दो अंग ट्रांसप्लांट-**जैसे तैसे लिवर की समस्या से निजात मिला, तो किडनी की समस्या आ खड़ी हुई. ऐसे में बड़े भाई की बेटी सीमा यादव जो विवाहित है और उनके 2 बच्चे हैं. उन्होंने कहा कि चाचा को मेरी किडनी दे सकते हैं. इसके बाद 6 मई को ऑपरेशन सक्सेस रहा. दोनों भाई बहन को अस्पताल से 13 मई तक डिस्चार्ज मिल गया है. पिता विनोद एडमिट हैं और 15 दिन में डिस्चार्ज हो जाएंगे. ये ऑपरेशन सुबह 07 बजे से शुरू हुआ जो रात 11 बजे तक चलता रहा।

## पलासिया पुलिस ने 40 लाख के नकली नोट पकड़े

### एक लाख के बदले 4 से 5 लाख के नकली नोट देते थे बदमाश

**इंदौर।** पलासिया पुलिस ने मंगलवार को कार्रवाई करते हुए महाराष्ट्र के रहने वाले दो बदमाशों को पकड़ा। उनके कब्जे से 40 लाख के नकली नोट जब्त किए गए। सभी नोट 500 रुपए के नकली नोट हैं, जो हूबहू 500 रुपए के नोट की कॉपी है। आरोपी सोशल मीडिया पर लोगों को अपनी जाल में फंसाकर एक लाख के असली नोट के बदले चार से पांच लाख रुपए के नकली नोट देते थे।

पुलिस ने दीपक और उसके साथी को 40 लाख रुपए और नोट गिनने की मशीन के साथ पकड़ा है। फिलहाल पूछताछ में बड़े रैकेट के खुलासा होने की उम्मीद है क्योंकि लंबे समय से सोशल मीडिया पर इस तरह के बदमाश सक्रिय हैं जो नकली नोटों को लोगों के माध्यम से बाजार में खपा रहे थे। खास बात ये कि बदमाश जो नोट देते थे उन्हें मशीन का सेंसर भी नहीं पकड़ पता था।

## ब्राउन शुगर तस्कर से 4 लाख का नशीला पदार्थ बरामद

**इंदौर।** शहर में नशे के खिलाफ मुहिम चला रही क्राइम ब्रांच को सफलता हाथ लगी है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने गुटकेश्वर मंदिर के पास घेराबंदी कर एक युवक को दबोच लिया, जिसके पास से 21 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की गई। पकड़े गए युवक की पहचान सुजल चौहान (21 वर्ष), निवासी- लाल बहादुर शास्त्री नगर, कैसरबाग, इंदौर के रूप में हुई है।

पुलिस को देखकर भागने की कोशिश कर रहे आरोपी को टीम ने तत्परता दिखाते हुए धरदबोचा। तलाशी में उसके पास से नशे का सामान, एक यामाहा आर15 मोटरसाइकिल और एक एप्पल मोबाइल जब्त किया गया, जिनकी कुल कीमत करीब 4 लाख रुपये आंकी गई है।



प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने कबूला कि वह अन्य जिलों से सस्ते दामों में ब्राउन शुगर खरीदकर इंदौर में ऊंचे दामों में बेचता है। आरोपी पहले भी चार मामलों में अपराधी रह चुका है और स्वयं भी नशे का आदी है।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना क्राइम ब्रांच में अपराध 92/2025, धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर नशे के सौदागरों पर शिकंजा कसने की कार्रवाई लगातार जारी है। आरोपी से जुड़े अन्य तस्करों की तलाश की जा रही है।



## 25 दिनों के लिए बंद होगा खजराना गणेश मंदिर पहुंच मार्ग

**इंदौर।** खजराना चौराहा से गणेश मंदिर जाने वाला मार्ग आज से 25 दिनों के लिए बंद कर दिया गया है। यह निर्णय नगर निगम द्वारा चौराहा से मंदिर तक सर्विस रोड के निर्माण के मद्देनजर लिया गया है। भक्तों को अब खजराना गांव के रास्ते से जाकर मंदिर तक पहुंचना होगा। क्षेत्र के पार्षद पुष्पेंद्र पाटीदार ने बताया कि खजराना फ्लाय ओवर के निर्माण के साथ-साथ चारों सर्विस रोड का निर्माण किया जाना था,जिसके लिए आईडीए ने नगर निगम को पहले ही राशि प्रदान कर दी थी। हाल ही में ड्रेनेज लाइन और वाटर सप्लाई लाइन की शिफ्टिंग की प्रक्रिया के कारण अब सर्विस रोड का निर्माण कार्य शुरू किया गया है।

## शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर पांच लाख की ठगी

**इंदौर।** नौ माह पहले ठग ने युवक को फर्जी एप पर शेयर मार्केट में निवेश कराया। इसके बाद उसे सवा पांच लाख रुपए की चपत लगा दी। जब युवक को पैसे वापस नहीं मिले तो उसने पुलिस की शरण ली। छत्रीपुरा पुलिस को फरियादी प्रकाश पिता जगदीश शर्मा निवासी जोशी कॉलोनी ने बताया कि आरोपी ने 1 जुलाई 2024 को मोबाइल के जरिये संपर्क किया। इसके बाद उसने निवेश का झांसा देकर फरियादी को चूना लगाना शुरू कर दिया। आरोपी ने फरियादी को फॉरेक्स ट्रेडिंग ग्लोबल इन्वेस्टमेंट इफेक्ट्स नामक फर्जी ऐप पर निवेश करने पर अच्छा प्रॉफिट दिलाने का लालच दिया और 5 लाख 32 हजार 200 रुपए ट्रांसफर करवा लिए। इसके बाद जब फरियादी को प्राफिट नहीं मिला तो उसने अपनी जमा राशि वापस मांगी। ठग ने राशि नहीं लौटाई।

**बयाना लेने के बाद दूसरे को बेचा मकान-**इसी प्रकार, चंदन नगर इलाके में महिला से मकान का सौदा करते हुए 6 लाख रुपए बयाना लेने के बाद आरोपियों ने उसे दूसरे को बेच दिया। फरियादी रीना पति राजेश परमार निवासी राज नगर की शिकायत पर पदमा वर्मा, उसके भाई छोटेलाल और मुकेश पर केस दर्ज किया गया है। फरियादी ने बताया कि मेरे द्वारा आरोपियों से उनके मकान का 13 लाख रुपए में 27 जुलाई 2023 को सौदा हो गया था। बयाने पेठे 6 लाख रुपए देकर एग्रीमेंट कराया था। लेकिन आरोपियों की नीयत में खोट होने कारण उन्होंने बाद में किसी अन्य से भी मकान का एग्रीमेंट कर दिया। रुपए वापस मांगने पर मां, बेटे और भाई जान से मारने की धमकी देते हैं।

# आत्मग्लानि के चलते महिला ने दी जान

**इंदौर।** चार दिन पहले विजयनगर थाना क्षेत्र में प्रेमी ने प्रेमिका के घर जाकर उसके पति की चाकू मारकर हत्या कर दी थी। मामले में आरोपी जेल में है। पति की हत्या से क्षुब्ध पत्नी ने आत्मग्लानि के चलते घर में फांसी लगाकर जान दे दी। मृतका का नाम सोनिया उर्फ पुनिया पति बाबू बैरागी निवासी रामनगर है। पुलिस के अनुसार, कोलकाता के रहने बाबू ने वहीं रहने वाली सोनिया से शादी की थी। सोनिया ने कुछ साल बाद प्रेमी राजू यादव से लव मैरिज कर लिया था। राजू से शादी के बाद वह दोनों बच्चों को पहले पति बाबू के पास छोड़कर इंदौर आकर रहने लगी। इसी बीच, चार दिन पहले सोनिया से मिलने राजू आया। दिनभर राजू और बाबू बाजार में घूमते रहे। कुछ खरीदारी भी की। शाम को दोनों घर लौटे और खाना खाकर सो गए। रात 3.30 बजे राजू उठा और कथित पत्नी सोनिया से पानी पिलाने को कहा। जब तक सोनिया पानी लेकर आती, तब तक उसने बाबू की चाकू मारकर हत्या कर दी। पत्नी यह देख घबरा गई। थोड़ी देर बाद राजू वहां से भाग निकला और खजराना थाने में खुद को सरेंडर कर दिया। उधर, पति की हत्या के बाद से ही सोनिया सदमे में थी और अपने मायके कोलकाता (हावड़ा) लौटने की तैयारी कर रही थी, लेकिन कोलकाता जाने से पहले वह एक बार अपने पहले पति राजू से मिलना चाहती थी, जो इस समय हत्या के आरोप में जेल में बंद है।

**जेल में पति से मिलना चाहती थी-**सोनिया ने पड़ोसी से कहा था कि वह कोलकाता जाने से पहले एक बार जेल जाकर राजू से मिलना चाहती है। पड़ोसी ने सुबह उसे उठाया भी, लेकिन उसने कुछ देर में चलने की बात कही। जब काफी देर तक कमरे से बाहर नहीं निकली तो पड़ोसी ने दरवाजा खटखटाया। कोई जवाब नहीं मिलने पर दरवाजा तोड़ा गया, जहां वह फांसी पर लटकी मिली।

## भारत शौर्य तिरंगा यात्रा में यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ का कटाक्ष

# 'एक दिन आतंकवाद पाकिस्तान को निगल जाएगा'

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को आतंकवाद को समर्थन देने के लिए पाकिस्तान की आलोचना की और चेतावनी दी कि 'एक दिन वह पाकिस्तान को निगल जाएगा।' पाकिस्तान को उसकी 'गलत हरकतों' के लिए चेतावनी देते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत की सुरक्षा को नुकसान पहुंचाने वालों को 'ऐसी स्थिति में डाल दिया जाएगा कि कोई भी उनके अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हो पाएगा।' लखनऊ में 'भारत शौर्य तिरंगा यात्रा' में जनता को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा, 'एक दिन आतंकवाद पाकिस्तान को भी निगल जाएगा।पाकिस्तान पूरी तरह खोखला हो चुका है। ऑपरेशन सिंदूर पाकिस्तान की हरकतों का जवाब था। जो लोग भारत पर उंगली उठाते हैं और सुरक्षा को नुकसान पहुंचाते हैं, उन्हें ऐसी स्थिति में डाल दिया जाएगा कि कोई भी उनके अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हो पाएगा।'

लयोगी ने आतंकवादियों के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए पाकिस्तानी सेना के अधिकारियों



पर भी निशाना साधा और उसे 'विफल राष्ट्र' कहा। सीएम योगी ने कहा, 'पूरी दुनिया ने पाकिस्तान की इस शर्मनाक हरकत को देखा है, जहां उसके सैन्य अधिकारी और शीर्ष नेता आतंकवादियों के अंतिम संस्कार में शामिल हुए। ये चीजें दर्शाती हैं कि पाकिस्तान एक विफल राष्ट्र है। पिछले 70-75 सालों में पाकिस्तान ने आतंकवाद के बीज ही बोए हैं।'

**'हम प्रधानमंत्री मोदी के आभारी हैं'**

सीएम योगी आदित्यनाथ ने सशस्त्र बलों का मनोबल बढ़ाने के लिए कल पंजाब के आदमपुर एयर बेस का दौरा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, 'हम प्रधानमंत्री मोदी के आभारी हैं, जिन्होंने पंजाब के आदमपुर एयर बेस का दौरा किया और सशस्त्र बलों का मनोबल बढ़ाया।' यूपी के सीएम ने ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता की सराहना करने के लिए लखनऊ में 'भारत शौर्य तिरंगा यात्रा' की शुरुआत की।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, भारत पर उंगली उठाने वालों और सुरक्षा को बिगाड़ने वालों को ऐसी स्थिति में डाल दिया जाएगा कि कोई भी उनके अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हो पाएगा...हम प्रधानमंत्री मोदी के आभारी हैं, जिन्होंने पंजाब के आदमपुर एयर बेस का दौरा किया और सशस्त्र बलों का हौसला बढ़ाया।'


**योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में 'भारत शौर्य तिरंगा यात्रा' में हिस्सा लिया-**उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लखनऊ में 'भारत शौर्य तिरंगा यात्रा' में हिस्सा लिया। जोशीले नारों और लहराते राष्ट्रीय झंडों के बीच यह रैली मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास 5 कालिदास मार्ग से शुरू हुई और 1090 चौराहे तक चली। यह यात्रा भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता का सम्मान करने के लिए आयोजित की गई थी, जिन्होंने 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर 'ऑपरेशन सिंदूर' को सफलतापूर्वक शुरू किया था, जिसमें 26 निर्दोष नागरिकों की जान चली गई थी।

**'विश्व ने भारतीय सैनिकों के बेजोड़ साहस को देखा'-**आतंकवाद की निंदा करते हुए सीएम योगी ने कहा, 'अकाट्य सबूत देने के बावजूद पाकिस्तान ने अपने दुस्साहस जारी रखे। भारत के गौरव और सम्मान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हमारी सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए निर्णायक जवाब दिया। पहले ही दिन 100 से ज्यादा आतंकवादी मारे गए। विश्व ने भारतीय सैनिकों के बेजोड़ साहस और हमारी सेना, वायुसेना और नौसेना की समन्वित ताकत को देखा।' उन्होंने यह भी कहा कि तिरंगा यात्रा भारतीय सशस्त्र बलों के साहस को श्रद्धांजलि है।

# आंध्र प्रदेश बंदरगाह आधारित अर्थव्यवस्था विकसित करेगाः मुख्यमंत्री नायडू

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने राज्य की एक हजार किलोमीटर लंबी तटरेखा का उपयोग करते हुए बंदरगाह आधारित अर्थव्यवस्था विकसित करने के मकसद से एक रणनीतिक योजना की घोषणा की है, जिसके तहत प्रत्येक 50 किलोमीटर के अंतराल पर बंदरगाह या मछली पकड़ने के केंद्र स्थापित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस योजना से राज्य में आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा, रोजगार सृजन होगा और बुनियादी अवसंरचना का निर्माण होगा। यहां मंगलवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में नायडू ने कहा, ''हमने आंध्र प्रदेश की एक हजार किलोमीटर लंबी तटरेखा का उपयोग करके बंदरगाह आधारित अर्थव्यवस्था के विकास के लिए एक रणनीतिक योजना तैयार की है।''




विज्ञप्ति के अनुसार, नेल्लोर जिले के दुगराजपट्टनम में जहाज निर्माण और मरम्मत क्लस्टर स्थापित करने की एक प्रमुख पहल पर चर्चा की गई। प्रारंभिक व्यवहार्यता रिपोर्ट के आधार पर, इस परियोजना को केंद्र और राज्य सरकारों के बीच सहयोग के माध्यम से दो हजार एकड़ भूमि में विकसित करने का प्रस्ताव है।इस दो हजार एकड़ में से एक हजार एकड़ भूमि को मुख्य जहाज निर्माण इकाइयों के लिए और एक हजार एकड़ को सहायक उद्योगों के लिए आवंटित किया जाएगा। इस योजना में एक ग्रीनफील्ड बंदरगाह की स्थापना करना शामिल है, जो जहाज निर्माण और मरम्मत केंद्र से जुड़ा होगा।

परियोजना में अनुमानित केन्द्रीय निवेश 3,500 करोड़ रुपये है, जिसमें आंध्र प्रदेश सरकार हिस्सेदार के रूप में भूमि का योगदान करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी) वैश्विक जहाज निर्माण कंपनियों को आकर्षित करेगा और इस परियोजना से 26 हजार करोड़ रुपये का निवेश आएगा, जिससे पांच हजार प्रत्यक्ष नौकरियां और 30 हजार अप्रत्यक्ष नौकरियां पैदा होंगी।

# केंद्र ने विदेश मंत्री जयशंकर की सुरक्षा में बुलेट-रोधी वाहन शामिल किए

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर को दी गई 'जेड' श्रेणी की सुरक्षा की समीक्षा के बाद उनके काफिले में बुलेट रोधी दो नए वाहन जोड़कर उनकी सुरक्षा को और मजबूत किया गया है।आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के उपरांत पाकिस्तान के खिलाफ भारत द्वारा उठाए गए दंडात्मक कूटनीतिक कदमों के बीच और दोनों देशों में हुए सैन्य संघर्ष के कुछ दिनों बाद यह फैसला लिया गया है। पहलगाम हमले में 26 लोगों की मौत हो गई थी।



जयशंकर पाकिस्तान के संबंध में विदेश मंत्रालय के कूटनीतिक कदमों का नेतृत्व कर रहे हैं। वह पहलगाम हमले के जवाब में शुरू किए गए भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' के बारे में विभिन्न देशों के नेताओं और विदेश मंत्रियों से भी बात कर रहे हैं।सूत्रों ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि हाल में केंद्रीय खुफिया एजेंसियों ने जयशंकर की सशस्त्र सुरक्षा की समीक्षा की थी और उन्होंने विदेश मंत्री के 'जेड' श्रेणी के काफिले में बुलेट रोधी वाहनों को जोड़ने की सिफारिश की थी।उन्होंने बताया कि सुरक्षा जरूरतों को देखते हुए जयशंकर के काफिले में बुलेट-रोधी दो नए वाहन जोड़े जाने की आवश्यकता थी और यह व्यवस्था हाल में की गई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इसी तरह की समीक्षा और खतरे की आशंका को लेकर सूचना मिलने के बाद 2023 में जयशंकर की 'वाई' श्रेणी की सुरक्षा को बढ़ाकर 'जेड' श्रेणी का कर दिया था।

## सिंधु जल संधि निलंबन पर विदेश मंत्रालय का बयान

# 'भारत इसे तब तक स्थगित रखेगा जब तक पाकिस्तान विश्वसनीय और अपरिवर्तनीय रूप से सीमा पार आतंकवाद के लिए अपने समर्थन को त्याग नहीं देता'

**नई दिल्ली।** 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के एक दिन बाद सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (CCS) ने संधि को निलंबित करने का फैसला किया। इसके अलावा, भारत ने पहलगाम हमले की जांच में सामने आए 'सीमा पार संबंधों' को लेकर पाकिस्तान के खिलाफ कुछ और सख्त कदम उठाए। इसमें अटारी-वाघा सीमा पर एकीकृत चेक पोस्ट को बंद करना, पाकिस्तानी नागरिकों के लिए सार्क वीजा छूट योजना को रद्द करना



और नई दिल्ली में पाकिस्तानी उच्चायोग में रक्षा/सैन्य, नौसेना और वायु सलाहकारों को अवांछित व्यक्ति घोषित करना शामिल है।

सिंधु जल संधि पर बोलते हुए, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि पाकिस्तान ने सिंधु जल संधि के सिद्धांतों को स्थगित रखा है, जिसके बाद भारत ने संधि को निलंबित कर दिया। 'इस संधि की प्रस्तावना में निर्दिष्ट सद्भावना और मित्रता की भावना से सिंधु जल संधि संपन्न हुई थी। हालांकि, पाकिस्तान ने दशकों से सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा देकर इन सिद्धांतों को स्थगित रखा है। जायसवाल ने मीडिया ब्रीफिंग में कहा, 'अब, 23 अप्रैल के सीसीएस निर्णय के अनुसार, भारत संधि को तब तक स्थगित रखेगा, जब तक पाकिस्तान विश्वसनीय और अपरिवर्तनीय रूप से सीमा पार आतंकवाद के लिए अपने समर्थन को त्याग नहीं देता। कृपया यह भी ध्यान रखें कि जलवायु परिवर्तन, जनसांख्यिकीय बदलाव और तकनीकी परिवर्तनों ने जमीन पर नई वास्तविकताओं को जन्म दिया है।'

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक समीर खान के द्वारा राजा ऑफसेट प्रिंटर्स, 863/9, नेहरू नगर, इंदौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं 105, लाला भाई मंजिल, 39-40 न्यू अली कॉलोनी खजराना, इंदौर से प्रकाशित। संपादक-समीर खान* (9424018786), सह-संपादकः अदनान अली (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।)
Email : sameer18786@gmail.com (*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)